दिनांक 31.10.2025 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

# पशुओ को खुला छोड़ने पर होगी कार्यवाही

**भिलाईनगर।** नेशनल हाईवे नेहरू नगर चौंक से पावर हाउस चौक तक रोड बाधित करने वाले पशुओं को पकड़ने की कार्यवाही की जा रही है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर बेदखली प्रभारी विनय शर्मा अपने दल के साथ पशुओं को पकड़ने का कार्य कर रहे हैं। पकड़े गये पशुओं को कोसानाला गौठान में रखा जा रहा है। जहां उनके खाने के लिए हरा चारा, पानी की व्यवस्था किया गया है। खटाल संचालको द्वारा पशुओं को खुला छोड़ दिया जाता है, जिसके कारण पशु भटकते हुए सड़को के बीच में आकर बैठ जाते है। नेशनल हाईवे होने के कारण भारी एवं दुपहिया वाहनों का आना–जाना अधिक रहता है। पशुओं के सड़को पर बैठने के कारण वाहन चालकों को दुर्घटना की संभावना बनी रहती है और दुपहिया वाहन चालको को गिरने का डर बना रहता है। जिसे देखते हुए उड़नदस्ता दल सुबह से पशुओं को पकड़कर काउकेचर के माध्यम से गौठान में छोड़ने का कार्य किए हैं। नगर निगम भिलाई का सभी खटाल संचालको से अपील है, कि अपने पशुओं को खुला न छोड़े। पशुओं के कारण किसी प्रकार की दुर्घटना होती है तो उसकी जवाबदेही खटाल संचालको की होगी और निगम द्वारा कड़ी कार्यवाही की जावेगी।

